डॉ. एन. विनोदकुमार, आईपीओएस
अध्यक्ष

Dr. N. VINODKUMAR, IPoS
CHAIRPERSON

आईएसपीएस अनुपालक पत्तन

**मुरगांव पत्तन प्राधिकरण**
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
**MORMUGAO PORT AUTHORITY**
(Ministry of Ports, Shipping & Waterways, Govt. of India)
"सारसी" प्रशासनिक कार्यालय भवन, हेडलैण्ड सडा, गोवा – 403804.
"SAARASI" ADMINISTRATIVE OFFICE, HEADLAND SADA, GOA - 403 804.



# संदेश

प्रिय सहकर्मियों,

हिंदी दिवस हम सभी को यह याद दिलाता है कि हमारी राजभाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीयता की आत्मा और राष्ट्रीय एकता का सेतु है। कार्यस्थल पर हिंदी का प्रयोग हमें अपने मूल से जोड़े रखता है और हमारे कार्यों को और अधिक सहज, सुगम और प्रभावी बनाता है।

मुझे यह अनुभव होता है कि राजभाषा नीति का क्रियान्वयन तभी सफल होगा जब हम सभी मिलकर इसे अपनी दिनचर्या और कार्य संस्कृति का स्वाभाविक हिस्सा बनाएंगे। यह केवल निर्देशों के पालन का विषय नहीं, बल्कि हमारी सोच और दृष्टिकोण का भी दर्पण है।

मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि फाइलों पर टिप्पणियों से लेकर पत्राचार, आदेश और बैठकों तक — हर स्तर पर हिंदी का प्रयोग करें। छोटे-छोटे कदम ही मिलकर बड़े परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। जब हम सभी विभाग एकजुट होकर हिंदी में कार्य करेंगे, तभी हमारा संगठन राजभाषा क्रियान्वयन में एक आदर्श रूप में सामने आएगा।

आइए, इस हिंदी दिवस पर हम यह संकल्प लें कि मुरगांव पत्तन प्राधिकरण केवल लक्ष्यों की पूर्ति तक सीमित न रहे, बल्कि राजभाषा प्रयोग में एक प्रेरणा स्रोत बने।

आपका सक्रिय सहयोग और प्रतिबद्धता ही इस दिशा में हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। मुझे पूरा विश्वास है कि सामूहिक प्रयासों से हम हिंदी को उसके उचित सम्मान और गरिमा के साथ अपने कार्यकलापों में स्थापित कर पाएंगे ।

**"राजभाषा हिंदी केवल हमारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारा गर्व है। इसे आत्मीयता से अपनाएँ। जय भारत, जय हिंदी।"**

विनोदकुमार

**दिनांक : 14 सितंबर, 2025**

**( डॉ. एन. विनोदकुमार, आईपीओएस)**